सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 183 | इंदौर, गुरुवार 11 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## MP के नए सीएस पर फैसला 15 फरवरी से पहले

### केंद्र से लौटे IAS संजय बंदोपाध्याय भी अनुराग जैन के साथ दौड़ में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की मौजूदा चीफ सेक्रेटरी (सीएस) वीरा राणा 31 मार्च को रिटायर हो रही हैं, लेकिन डॉ. मोहन यादव सरकार नए सीएस के बारे में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले निर्णय ले लेंगी। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि सरकार नहीं चाहेगी कि आचार संहिता लागू होने के बाद नए सीएस की नियुक्ति का मामला चुनाव आयोग पहुंचे। नए सीएस को लेकर अनुराग जैन के अलावा एक और नाम सामने आया है- 1988 बैच के अधिकारी संजय बंदोपाध्याय। केंद्र ने उनकी सेवाएं दो दिन पहले ही मध्यप्रदेश को वापस कर कर दी हैं।

मौजूदा सीएस वीरा राणा की नियुक्ति 30 नवंबर को चुनाव आयोग की सहमति से हुई थी, क्योंकि तब प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू थी। वीरा राणा ने 1 दिसंबर को चार्ज लिया था। अब फिर वैसी स्थिति नहीं बने, इसके लिए यह माना जा रहा है कि फरवरी के पहले हफ्ते तक नए सीएस की नियुक्ति हो जाएगी।

### जैन, बंदोपाध्याय और वीरा के बाद इन अफसरों के नाम

अनुराग जैन व संजय बंदोपाध्याय के अलावा जिन आईएएस अधिकारियों के नाम सीएस के दावेदार के रूप में चर्चा में हैं उनमें एसीएस डॉ. राजेश राजौरा, एसएन मिश्रा और मलय श्रीवास्तव भी शामिल हैं। ये सभी 1990 बैच के अफसर हैं। इनके साथ ही 1989 बैच के एसीएस विनोद कुमार, जेएन कंसोटिया के नाम की भी चर्चा है। विनोद कुमार मई 2025 और कंसोटिया अगस्त 2025 में रिटायर होंगे।

## तमिल फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट पर एफआइआर

### भगवान राम के अपमान का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** तमिल फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट पर जबलपुर के ओमती थाने में केस दर्ज किया गया है। शिकायत हिंदू सेवा परिषद की ओर से दर्ज कराई गई है। कहा गया है कि फिल्म में लव जिहाद को दिखाया गया है। भगवान राम का भी अपमान किया गया।फिल्म अन्नापूर्णी 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जा रही है। फिल्म में नयनतारा लीड रोल में हैं। फिल्म में उन्होंने मंदिर के पुजारी की बेटी अन्नापूर्णी का रोल प्ले किया है। शेफ बनने का सपना पूरा करने के लिए उन्हें नॉनवेज पकाते हुए दिखाया गया है।

# इंदौर के साथ सूरत स्वच्छता में अव्वल

## दिल्ली में राष्ट्रपति ने दिया पुरस्कार, गार्बेज फ्री सिटी में सेवन स्टार रैंकिंग, महू देश का सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर स्वच्छता में एक बार फिर अव्वल बन गया है। इंदौर को इस बार सूरत के साथ संयुक्त रूप से पहला पुरस्कार मिला है। लगातार 7वीं बार स्वच्छता के मामले में देश में नंबर वन बनने वाला शहर बन गया है। गुरुवार को दिल्ली में राष्ट्रपति कुछ ही देर में इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विजेता शहरों के प्रतिनिधियों को पुरस्कृत कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री विजयवर्गीय, सांसद-महापौर मौजूद हैं।

इंदौर को गार्बेज फ्री सिटी सेगमेंट में सेवन स्टार रेटिंग मिली है।

यहां कचरे को छह हिस्सों में डोर टू डोर सेग्रीगेशन करने का आइडिया को अवार्ड मिला।

महू ने रचा इतिहास स्वच्छता में नंबर 1 कंटेनमेंट बोर्ड। गार्बेज फ्री सिटी में थ्री स्टार रेटिंग।

मप्र ने जीता देश के सबसे स्वच्छ प्रदेश का अवार्ड।

कार्यक्रम में मौजूद महापौर और निगमायुक्त। 7वीं बार स्वच्छता अवार्ड मिलने पर इंदौर महापौर बोले:'कोई और शहर बाजी मार सकता है, मेहनत करो..' वाले शिवराजजी के बयान ने हमें रिचार्ज किया।

कार्यक्रम में मौजूद महापौर और निगमायुक्त। 7वीं बार स्वच्छता अवार्ड मिलने पर इंदौर महापौर बोले:'कोई और शहर बाजी मार सकता है, मेहनत करो..' वाले शिवराजजी के बयान ने हमें रिचार्ज किया।



लगातार सातवीं बार स्वच्छता खिताब जीतने पर इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सफाई मित्र, जनता, अफसर और जनप्रतिनिधियों सबका योगदान है। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्रीजी ने हमें पहले ही अलर्ट कर दिया था कि इंदौर तैयार रहना, इस बार कोई दूसरा शहर बाजी मार सकता है। उनका यह बयान हमें लिए रिचार्ज की तरह रहा। हम जमकर जुटे और नंबर 1 का ताज बनाए रखा। राष्ट्रपति की मौजूदगी के दौरान अवार्ड लेने को अनुभव अनूठा रहा।

### ◆ निगम ने किए नवाचार

स्वच्छता को लेकर देशभर के शहरों के बीच हुई प्रतियोगिता के लिए करीब चार महीने पहले इंदौर में सर्वेक्षण हुआ था। सर्वेक्षण दल ने 15 दिन इंदौर में रहकर अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया था। इंदौर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ इस क्षेत्र में उसके द्वारा किए गए नवाचारों का फायदा भी इस सर्वेक्षण में मिला है। नगर निगम ने नो थू-थू अभियान, सिंगल प्लास्टिक फेयरवेल पार्टी, इंटर्नशिप विथ मेयर जैसे नवाचार किए हैं। जिसका फायदा भी मिला।

# कांतिलाल भूरिया बोले- राम मंदिर का चंदा खा गए BJP-RSS

## ◆ दिग्विजय बोले- चंपत राय ने जमीन घोटाला किया, उन्हें ही प्रमुख बना दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम/मुरैना। रतलाम में कांग्रेस के सीनियर लीडर व पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने BJP-RSS पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राम मंदिर का पैसा खा गए। शुरुआती राम मंदिर आंदोलन में अरबों रुपए इकट्ठा हुए। उन्होंने सरकार से चंदे का हिसाब मांगा।**

भूरिया बुधवार को रतलाम में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने के लिए रेलवे कर्मचारी संगठनों के संयुक्त रूप से चल रहे आंदोलन में शामिल होने आए थे। वे रेलवे कर्मचारियों के साथ DRM ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे।

उधर, मुरैना दौरे पर आए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी बुधवार रात राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बहाने BJP और RSS को घेरा है। उन्होंने कहा, 'जब शंकराचार्य को नहीं बुलाया जा रहा है तो फिर कांग्रेस निमंत्रण कैसे स्वीकार कर ले।'

दिग्विजय ने कहा, 'हमारी यह घोर आपत्ति है कि हमारे शंकराचार्य को अपमानित किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद ने कौन सा धर्म का ठेका ले लिया है? क्या अधिकार है राम मंदिर पर? चंपत राय कौन हैं? यह संघ के प्रचारक हैं और जमीन का घोटाला किया है और इन्हीं को प्रमुख बना दिया गया है।

रतलाम में भूरिया बोले- राम मंदिर आंदोलन में आए पैसे का हिसाब रखे BJP

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, 'जनता हिसाब मांग रही है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर देश के सभी लोगों का पैसा लगा है। हर वर्ग के व्यक्ति ने राम मंदिर के लिए पैसा दिया है। BJP ऐसे प्रचार कर रही है कि राम सिर्फ BJP के ही हैं। राम सभी के हैं। उनका भव्य मंदिर बनना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'अयोध्या में श्री राम का मंदिर बनाने के लिए सालों से आंदोलन हुआ है। सरकार से हमारी मांग है कि मंदिर बनाने के लिए सालों से जो आंदोलन हुआ और जो अरबों का पैसा आया है, उसका हिसाब रखे। इस पैसे से मंदिर को भव्य बनाएं।'

### मुरैना में दिग्विजय ने कहा- BJP देश में अब जातियों को लड़ा रही

दिग्विजय सिंह ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के समय से वहां की पूजा निर्मोह अखाड़ा करता था। उसे क्यों छीना गया। BJP ने सिर्फ राम मंदिर को एक इवेंट बना लिया है, इसलिए वह अपने, RSS और विश्व हिंदू परिषद के लोगों को धर्म के नाम पर आगे करती है।'

BJP ने हमेशा पहले हिंदू - मुसलमानों को लड़ाया है। अब देश के अंदर रहने वाली सभी जातियों को लड़ाने का काम BJP कर रही है। इन्होंने पहले धर्म के नाम पर हिंदू - मुसलमान को बांटा, अब भगवान राम को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। फूट डालो शासन करो, जो ब्रिटिश हुकूमत की पॉलिसी थी, उस पर भाजपा, संघ और हिंदू परिषद चल रही है।'

# गांव पहुंचकर इलाज नहीं करने वाले स्वास्थ्य अधिकारी कि सेवा होगी समाप्त : कलेक्टर

## ◆ कलेक्टर ने लगाई रात्रि चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले के नवागत कलेक्टर आशीष सिंह मंगलवार रात्रि में जिले के दूरस्थ ग्राम बेका पहुंचे। यहां पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ संवाद करने के लिए रात्रि चौपाल लगाई। ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और तुरंत निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र होने के बाद भी स्वास्थ्य अधिकारी के नहीं आने की समस्या बताई। कलेक्टर ने तुरंत स्वस्थ्य अधिकारी की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए।**



इंदौर जिले के महू क्षेत्र में दूरस्थ अंचल के ग्राम बेका में मंगलवार रात्रि में रात्रि चौपाल लगाई गई। लंबे समय बाद कोई कलेक्टर रात्रि चौपाल के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचे और ग्रामीणों से रूबरू हुए। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर आशीष सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को जानकर विकास कार्य में आ रहे अवरोधों को दूर कर तुरंत और यथासंभव निराकरण की बात कही।

कलेक्टर सिंह विभागीय अधिकारियों के दल के साथ ग्राम बेका पहुंचे। यहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ सुना। ग्रामीणों ने बताया कि उनके यहां उप स्वास्थ्य केंद्र है। यहां पर स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ नहीं आ रहे हैं। इसके लिए इलाज के लिए चोरल जाना पड़ रहा है। कलेक्टर सिंह ने सीएचओ प्रतीक पाठक की तुरंत सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन और महू के एसडीएम विनोद राठौर भी उपस्थित थे।

### जल्द चालू होगा नल से जल वितरण

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की दिक्कत है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत यहां पर टंकी बन गई है, पाइपलाइन भी डल चुकी है, परंतु यह चालू नहीं हो रही है। कलेक्टर ने पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिए की यह योजना शीघ्र शुरू की जाए, जिससे कि ग्रामीणों को तुरंत पानी मिल सके।

कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर बेका से कुशलगढ़ तक मार्ग निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं गांव के माध्यमिक स्कूल को हाई स्कूल में उन्नत करने के लिए भी प्रस्ताव बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। गांव में निर्मित किया जा रहे आंगनबाड़ी भवन का कार्य भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

## 14 जनवरी को मनाया जाएगा आर्म्ड फोर्सेस वेटेरन्स दिवस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के आर.डी. शर्मा द्वारा बताया गया है कि प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा, प्रथम कमांडर-इन-चीफ, भारतीय सशस्त्र बलो सम्मान एवं याद में सशस्त्र सेना वेटेरन्स दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर में भी एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध के वेटेरन्स, वीर नारियों एवं वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रभारी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.) ने क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों /पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों से आग्रह किया है की 14 जनवरी को सशस्त्र सेना वेटेरन्स दिवस के आयोजन स्थल जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर में दोपहर 3:45 बजे तक उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं।

**राष्ट्रपति ने कहा इंदौर नवाचारों का प्रतीक**

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रीवेंटिव हेल्थ केयर अभियान हेल्थ ऑफ इंदौर की तारीफ की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सांसद शंकर लालवानी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर प्रीवेंटिव हेल्थ केयर के अभियान ह्यहेल्थ ऑफ इंदौरह्न के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रपति ने प्रीवेंटिव हेल्थ केयर के बड़े अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंदौर स्वच्छता के बाद इंदौर अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी देश में अग्रणी होने की तरफ आगे बढ़ रहा है।

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति मुलाकात कर किसी एक शहर में हुए विश्व के सबसे बड़े प्रीवेंटिव अभियान हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान की बारे में बताया और इंदौर के यूनिक जनसहभागिता के मॉडल की जानकारी दी। राष्ट्रपति जी ने इंदौर के मॉडल की तारीफ की और कहा कि इंदौर पूरे देश में शहरों के लिए एक मिसाल बन गया है। हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया एवं मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल की उपस्थिति में प्रीवेंटिव हेल्थ केयर अभियान पर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित हुआ था और केंद्रीय मंत्री ने भी इस अभियान की खुलकर प्रशंसा की थी। हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के अंतर्गत दो लाख लोगों के 10 से ज्यादा बायो मेडिकल पैमानों पर 20 लाख से ज्यादा टेस्ट हुए हैं और यह किसी भी एक शहर में हुआ सबसे बड़ा प्रीवेंटिव हेल्थ केयर सर्वे है।

**कटाक्ष**




## अहिल्या आश्रम का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सीएम राइज शासकीय अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल क्रमांक 1 इंदौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बुढ़ानिया में सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन ग्राम बुडानिया के उप सरपंच गोपाल सिंह चौहान ने किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी गायत्री शुक्ला एवं मनोज कुमारी यादव ने बताया कि सात दिवसीय इस शिविर में एनएसएस की 50 छात्राओं ने सहभागिता रही। छात्राओं द्वारा रोजाना प्रभातफेरी निकाली गई। परियोजना कार्य अन्तर्गत तालाब किनारे की स्वच्छता एवं माध्यमिक स्कूल एवं ग्राम पंचायत परिसर की सफाई छात्राओं द्वारा की गई। जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति रैली आयोजन एवं ग्राम संपर्क कार्यक्रम में बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ एवं बाल विवाह रोकथाम पर चर्चा की गई। जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा उप सरपंच एवं सचिव से गांव की समस्याओं एवं नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बौद्धिक कार्यक्रम के अंतर्गत रोजाना गांव के प्रबुद्धजन द्वारा छात्रों को उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया। रोजाना रात्रि में छात्राओं द्वारा विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उपप्राचार्य विपिन जैन ने शिविर का अवलोकन करते हुए छात्राओं द्वारा किए कार्य की प्रशंसा की एवं मार्गदर्शन किया।

## युवा दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित किया जाएगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया है कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस ह्युवा दिवसह्न के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक आरएपीटीसी मैदान महेश गार्ड लाइन में आयोजित होगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की 4 हजार छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक/शिक्षिकाएं व जिला योग समिति, संहज योग केंद्र, आरोग्य भारती, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, योग संगठन, योग संघ, एनसीसी इंदौर, स्काउट गाइड, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट इंदौर, पतंजलि योग समिति, आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, अशासकीय शिक्षण संस्थाओं तथा संबंधित विभागों, संगठनों पालक शिक्षक संघ, विभिन्न योग संस्थाएं, विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, आर्य समाज, विद्या भारती शिक्षण संस्थान, आरोग्य भारती, ईशा फाउंडेशन, रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ, गायत्री परिवार, आदिवासी विकास विभाग के छात्रावास, स्थानीय खेल क्लब, सेवानिवृत्त सैनिक, स्थानीय निकाय, मोहल्ला क्लब, मॉर्निंग वॉकर्स, व्यायाम शाला, हेल्थ क्लब, पंचायत सहकारी संस्थाएं, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कृत प्रतिभाएं, विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी नगर सुरक्षा समितियां आदि की सहभागिता रहेगी।







# यातायात प्रबंधन पुलिस ने निकाली पैदल यातायात जागरूकता रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु दिनांक 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।**

इसी कड़ी में यातायात प्रबंधन पुलिस, नगरीय इंदौर के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आज 10 जनवरी को यातायात जागरूकता पैदल रैली निकाली। इस उपलक्ष्य में 11 बजे यातायात जागरूकता रैली में सैकड़ो की संख्या में एनसीसी कैडेट्स, पुलिसकर्मी, सम्मिलित हुए। इस जागरूकता रैली अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, यातायात प्रबंधन श्री मनीष कुमार अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त श्री मनोज कुमार खत्री, एनसीसी ऑफिसर्स द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यातायात रथ एवं रैली को सूबेदार अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक रणजीत सिंह, आरक्षक सुमन्त सिह ने पलासिया से रीगल पुनः पलासिया लेकर पहुँचे।

# पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय निभा रहा है सामाजिक सरोकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेशार्नुसार पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर द्वारा युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती हुई प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए सामाजिक स्तर पर जागरुकता फैलाते हुए इस दिशा में समाज के अलग-अलग वर्गों को जोड़ते हुए एक बड़ा अभियान सामाजिक सरोकार के अंतर्गत चलाया जा रहा है। प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग एवं स्कूल शिक्षा से संबंधित छात्र-छात्राओं को आत्महत्या की प्रवृत्ति के खिलाफ जागरुकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।**

इसी अभियान में एकायना स्कूल भण्डारी फार्म के सामने कनाडिया रोड पर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर द्वारा आज एक कार्यशाला पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भुटिया(भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला में संस्था के उप पुलिस अधीक्षक राजीव त्रिपाठी, एकायना स्कूल के प्रिंसिपल मनीष सक्सेना, वक्ता डॉ. रमन शर्मा (कंसल्टेंट साइकेट्रिस्ट, मेदांता हॉस्पिटल) एवं श्रीमती माया बोरा (मनोचिकित्सक) संस्थापक सुसाइड प्रिवेन्शन एवं उमंग किशोर हेल्पलाईन तथा पीटीसी से निरीक्षक आनंद चौहान एवं निरीक्षक दिनेशचन्द्र शर्मा शामिल हुए। एकायना स्कूल के प्राचार्य मनीष सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत कर भाषण दिया। उसके बाद स्कूल के कक्षा 8वीं से 11वीं तक के लगभग 250 छात्र-छात्राओं को डॉ. रमन शर्मा (कंसल्टेंट साइकेट्रिस्ट, मेदांता हॉस्पिटल) ने संबोधित किया एवं अपने संबोधन में बच्चों को बताया कि आप अपने पैरेंट्स से संकोचवश अपनी व्यक्तिगत समस्याए शेयर नहीं करते है तो ऐसे में आपको अपने दोस्तों से अपनी भावनाये शेयर करना चाहिए। प्रॉब्लम्स तो जीवन का हिस्सा है प्रॉब्लम्स तो आती जाती रहेंगी लेकिन हम अपनी मेन्टल हेल्थ को मजबूत बना कर उसका सामना कुशलता पूर्वक कर सकते है। बच्चों को तनाव की स्थितियों के बारे में जानकारी दी, साथ ही बच्चों को नशे के विभिन्न माध्यमों से दूर रहने के बारे में बताया। बच्चों को पढाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

# दो दिनी स्व-रोजगार मेला आज से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार इन्दौर में 11 एवं 12 जनवरी 2024 को दो दिनी स्व-रोजगार मेला आयोजित किया गया है। इस मेले के साथ ही 12 जनवरी को रोजगार मेला भी आयोजित किया जायेगा। उक्त मेले युवा और महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित होंगे। मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा युवाओं और महिलाओं को विभिन्न स्वरोजगारमूलक योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया जायेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एस.एस. मण्डलोई ने बताया कि यह मेला एसोशिएशन ऑफ इंड्रस्ट्रीज मध्यप्रदेश के सभाकक्ष पोलोग्राउंड में होगा। मेला सुबह साढ़े 10 से प्रारंभ होकर दोपहर 3 बजे तक चलेगा। मेले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना , टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना ,संत रविदास स्वरोजगार योजना , डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना , सावित्री फुले स्वसहायता समूह योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना आदि योजनाओं में युवाओं और महिलाओं को लाभान्वित किया जायेगा।

## लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन मनाएगा तीन दिवसीय श्री रामजन्म महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष हिमांशु यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी एवं इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री सुरजीत सिंह चड्ढा, और इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री सदाशिव यादव के निर्देश अनुसार लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी आमजन के साथ मिलकर शहर व ग्रामीण में तीन दिवसीय श्री रामजन्म महोत्सव मनाएंगे जिसकी शुरुआत 19 जनवरी 2024 शाम 7:00 बजे राजीव गांधी चौराहा राजीव जी की प्रतिमा पर दीप जलाकर इस तीन दिवसीय जन्म महोत्सव की शुरुआत की जाएगी।

## इस साल शहर में शीतलहर के आसार नजर नहीं

**इंदौर।** इस साल शहर में शीतलहर के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। पिछले सप्ताह से तेज ठंड जरूर पड़ी है लेकिन शीत लहर बनी रहेगी इस तरह की उम्मीद कम ही है। पिछले साल की तुलना में भी इस साल जनवरी की रातें ज्यादा गर्म हैं। इस साल जनवरी के पहले हफ्ते में रात का तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस है। यह सामान्य से 3 से 6 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा है। वहीं पिछले साल 2023 जनवरी में पहले हफ्ते में दिन का तापमान औसतन 22 डिग्री सेल्सियस था, जबकि इस बार 23 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। इसी तरह पिछले साल रात का औसतन तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा था। जबकि इस बार 15 डिग्री सेल्सियस यानी 6 डिग्री ज्यादा बना हुआ है। इस सीजन में दिसंबर 2023 में ठंड पूरे महीने रूठी रही।

## प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सी.एस. धार्वे बने नोडल अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र रघुवंशी द्वारा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एस. धार्वे को शासकीय कर्मियों का नाम कार्यरत विधानसभा में दर्ज करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में शासकीय सेवारत कर्मी का सामान्य निवास उसके पद स्थापना का मुख्यालय होता है अतः उनका नाम उसी विधानसभा क्षेत्र में दर्ज होना आवश्यक है। उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराए जाने हेतु प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी सी.एस. धार्वे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# गरिमा पूर्वक और उत्साह के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : कलेक्टर

## ◆ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारी के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर आयुक्त नगर निगम अभिलाष मिश्रा, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, अपर कलेक्टर रोशन राय, अपर कलेक्टर निशा डामोर, अपर कलेक्टर राजेन्द्र रघुवंशी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गरिमा पूर्वक एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये विभागवार दायित्व सौपे तथा सभी विभागीय अधिकारियों को समारोह की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी विभाग सौपे गये कार्यों को पूर्ण गंभीरता के साथ करें। समारोह आयोजन की सभी तैयारियां राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप हो। बैठक में बताया गया कि मुख्य समारोह में विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड प्रस्तुत की जायेगी। राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक झांकियां भी विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेंगी। जिला पंचायत, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, उद्योग, जेल, महिला बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी आदि विभागों द्वारा नयनाभिराम झांकियां निकाली जायेंगी। समारोह स्थल पर आकर्षक साज-सज्जा की जायेगी। स्वतंत्रता सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित भी किया जाएगा साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

# बालाघाट में मिला नक्सली विस्फोटक

## ◆ सीआरपीएफ ने किया बरामद, नक्सलियों ने छिपाकर रखा था बम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट। दशकों से नक्सली समस्या से जूझ रहा बालाघाट जिला अब भी नक्सली गतिविधियों का केंद्र बना है। नक्सलियों की जिले के जंगलों में मौजूदगी बयां करती है कि बालाघाट नक्सलियों की पनागाह बना है। यही नहीं बल्कि नक्सली विस्फोट भी नक्सलियों ने जिले के जंगलों में छिपे रखे है। ताकि वक्त पड़ने पर वह इनका उपयोग कर सके।**

बालाघाट पुलिस और नक्सली उन्मूलन अभियान में लगे सुरक्षाबलों की सक्रियता का ही परिणाम है कि नक्सली जिले में बैकफुट पर है। यहां वर्ष 2022 में बालाघाट पुलिस ने बेहतर रणनीति से 6 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया था, वहीं वर्ष 2023 में बालाघाट पुलिस ने अपनी यह निरंतरता बरकरार रखी। यही कारण है कि नक्सली जिले में कोई बड़ी वारदात घटित नहीं कर पा रहे है।



नक्सलियों के खिलाफ बालाघाट पुलिस और सुरक्षाबलों की कार्रवाई निरंतर जारी है। नक्सली उन्मूलन में लगे सीआरपीएफ की सर्चिंग टीम ने 9 जनवरी को गढ़ी थाना अंतर्गत भालापुरी के जंगल में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों ने छिपा कर रखा विस्फोटक बरामद किया। इसमें एक बंडल वायर, एक बैटरी, जिलेटिन रॉड, डेटोनेटर और सल्फर एवं पोटेशियम का मिश्रा लगभग ढाई लाख विस्फोटक पदार्थ बरामद किया है।

इसमें गढ़ी थाना में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के केबी डिवीजन एवं मलाजखंड-टांडा-दर्रेकसा संयुक्त दलत के नक्सलियों के खिलाफ धारा 13(1)(ए), 13(1)(बी) विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967, 4,5 विस्फोटक अधिनियम 1908 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## बदमाशों ने किया यात्री बस पर पथराव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलीराजपुर।** खंडवा-बड़ौदा राज्य मार्ग पर रविवार देर शाम को बड़वानी-अलीराजपुर-दाहोद (एमपी 45 पी 7225) पर पथराव हो गया। बताया जा रहा है कि रविवार को अलीराजपुर से नानपुर के मध्य खंडवा बड़ौदा अंतर राज्य मार्ग पर ग्राम हरसवाट-गिराला के बीच अज्ञात बाइक सवारों ने दो ट्रकों के कांच भी फोड़े थे। साथ ही आलीराजपुर से इंदौर जाने वाली बस पर भी पत्थर मारे और बड़वानी-बड़ौदा बस पर पथराव कर आगे का कांच फोड़ा। नानपुर थाना प्रभारी नेपाल सिंह चौहान का कहना है कि एक बस के ही कांच फोड़े। घटना के बाद से मार्ग पर आने जाने वाले बस चालकों में भय का वातावरण है। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्थर मारने वाले बदमाश शराब के नशे में थे। पुलिस ने पेट्रोलिंग के लिए टीम को लगा दिया।

## 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी।** सिवनी में बुधवार को लोकायुक्त टीम ने दबिश दी। जहां 8 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, कृष्ण कुमार डेहरिया पिता हेमू डेहरिया (47) ग्राम समनापुर कांनहीवाड़ा तहसील जिला सिवनी ने लोकायुक्त को शिकायत की थी कि जमीन बटवारे के नाम पर उससे रिश्वत मांगी जा रही है। इसके बाद बुधवार को लोकायुक्त टीम ने पटवारी शुभम राय (30) पटवारी का हल्का नंबर 48 49 ग्राम डोकराजी समनापुर तहसील कार्यालय सिवनी एवं महेश कुमार राय पिता कंचनलाल राय (41) ग्राम समनापुर जिला सिवनी पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मंजू किरण, निरीक्षक नरेश बेहरा और 4 सदस्यीय लोकायुक्त दल जबलपुर शामिल रहा।

### सुसाइड से पहले एसआई की पत्नी की आखिरी बात:भाभी से कहा-

## खराब लग रहा, एक घंटे बाद बेटे को फंदे पर मिलीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में रक की पत्नी ने सुसाइड से पहले अपनी भाभी से आखिरी बार बात की। मंगलवार दोपहर 3 बजे बातचीत में उन्होंने भाभी को कहा था कि बहुत खराब सा लग रहा है। शाम 4.30 बजे जब बेटा कॉलेज से घर पहुंचा तो मां फांसी के फंदे पर मिलीं।**

जौरा (मुरैना) से आए मायकेवालों ने भी फिलहाल किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला है कि 4 साल पहले उनकी 11 साल की बेटी की बीमारी से मौत हो गई थी। इस वजह से वह टेंशन में रहती थीं। मनीषा गुर्जर (40) के पति शैलेंद्र सिंह गुर्जर महाराजपुर थाने में सब इंस्पेक्टर हैं। 21 साल पहले दोनों की शादी हुई थी। परिवार शहर के डीडी नगर इलाके में रहता है। इस एरिया के शैलेंद्र इंचार्ज भी हैं। मंगलवार शाम वह ड्यूटी पर थे। बेटा सुमित गुर्जर (19) एमिटी यूनिवर्सिटी में क्लास अटैंड कर घर लौटा तो दरवाजा खुला हुआ था। पड़ोसियों की मदद से मां को फांसी के फंदे से उतारकर वह बिड़ला अस्पताल ले गया। यहां डॉक्टरों ने मनीषा को मृत घोषित कर दिया।

### भाई बोले- जो कुछ हुआ, 1 घंटे में हुआ

मनीषा के भाई मनोज गुर्जर ने बताया कि दीदी की 3 बजे घर पर बात हुई थी। इसके बाद शाम 4.45 बजे उनकी मौत की खबर मिली। वह डिप्रेशन में थीं। ऐसा बताया जा रहा है कि 3 से 4 बजे के बीच उन्होंने यह कदम उठाया। इस एक घंटे में क्या हुआ, कुछ पता नहीं। मनीषा गुर्जर का मायका जौरा (मुरैना) में है। भाई मनोज गुर्जर ने बताया कि शाम 4.45 बजे उन्हें बहन की मौत की सूचना मिली। इससे पहले 3 बजे बहन ने घर बात की थी। मनीषा गुर्जर का मायका जौरा (मुरैना) में है। भाई मनोज गुर्जर ने बताया कि शाम 4.45 बजे उन्हें बहन की मौत की सूचना मिली। इससे पहले 3 बजे बहन ने घर बात की थी।

### बेटी की मौत के बाद से डिप्रेशन में थीं

अमृत मीणा का कहना है कि 4 साल पहले शैलेंद्र और मनीषा की 11 साल की बेटी अंशिका की मौत हो गई थी। बेटी अक्सर बीमार रहती थी। उसकी मौत के बाद से मनीषा डिप्रेशन में आ गई थीं। पुलिस खुदकुशी के पीछे इसी कारण को मानकर अभी जांच कर रही है।

# पटवारी बोले-सिंधिया को कांग्रेस ने कभी मुख्यमंत्री फेस नहीं बनाया

## ◆ पीसीसी चीफ ने कहा- 2018 में सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा, आज भी यही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने भिंड में कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं थे। मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा, उस दौरान मैं चुनाव कैम्पेनिंग का हिस्सा था। कांग्रेस ने सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। आज भी कांग्रेस में सामूहिक नेतृत्व है। सिंधिया को कांग्रेस ने कभी चेहरा नहीं बनाया।**

जीतू पटवारी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे दो दिवसीय प्रवास पर भिंड पहुंचे थे। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पटवारी ने कहा, राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बन रहा है। वर्तमान



में भाजपा की केंद्र में सरकार है, इसलिए निर्माण में हिस्सेदारी दिखा रही है। कोर्ट के फैसले को देश के हर वर्ग ने स्वीकार किया है। किसी ने कोई विरोध नहीं किया। देश में सभी धर्मों के पालन की आइडियोलॉजी है। इसी का पालन कांग्रेस पार्टी करती आ रही है।

### मोहन यादव भाजपा के नहीं, हमारे मुख्यमंत्री

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति नरम रवैये के सवाल पर पटवारी ने कहा, वोट किसी के नाम पर मिले, मुख्यमंत्री दूसरा बन गया। न मोहन यादव दुश्मन हैं, न शिवराज, हमारे वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। शिवराज सरकार में जो घोटाले हुए, उसे लेकर आवाज हमेशा उठाते आए हैं। मोहन यादव हमारे मुख्यमंत्री हैं। वे भाजपा के नहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। हम भी प्रदेश के नागरिक हैं, इसलिए हम मुख्यमंत्री से सवाल करते रहेंगे।

### 10 जनपथ से निर्णय होने पर बोले- कल की बात पुरानी

आपने प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार पर सवाल उठाए और दिल्ली से निर्णय होने की बात कही, जब मनमोहन थे, तब 10 जनपथ से निर्णय होते थे? इस सवाल के जवाब में पटवारी ने कहा, छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में हम मिलकर लिखेंगे नई कहानी।

# खंडवा में शराब पीने के बाद युवक की मौत :साथी अस्पताल में भर्ती

### परिजन बोले-जहरीली शराब पीने से बिगड़ी तबीयत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में शराब पीने के बाद दो लोगों की तबीयत बिगड़ गई। एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की हालत खराब है। परिजन का आरोप है कि शराब जहरीली थी। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। मामला शहर के आनंद नगर इलाके की प्रणाम सिटी का है। यहां रहने वाले प्रदीप पाल (32) और उसके साथी रवि पाल ने शनिवार रात शराब पी थी। दोनों तभी से उल्टियां कर रहे थे। ज्यादा हालत बिगड़ने पर प्रदीप को मंगलवार रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को उसकी मौत हो गई। रवि रविवार से ही जिला अस्पताल में भर्ती है। जिस आनंद नगर स्थित शराब दुकान से दोनों ने शराब ली थी, पुलिस ने वहां पर दबिश दी है। फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**भाई बोला-शराब पीने के बाद से ही उल्टियां करते मिले थे-** प्रदीप पाल की दो बेटियां हैं। उसके भाई संदीप ने बताया, प्रदीप और रवि ने शनिवार शाम आनंद नगर की दुकान से शराब खरीदी थी। पीने के लिए मुझे भी बुलाया था। मैं देर से गया तो दोनों शराब पीने के बाद उल्टियां करते मिले थे।

**आबकारी विभाग भी करेगा जांच-** शराब के जहरीली होने के सवाल पर मोघट रोड थाने के टीआई बृजभूषण हिरवे ने कहा, शव का पोस्टमार्टम कराया है। शराब पीने से मौत के एंगल पर विसरा सैंपल भिजवाएंगे। संबंधित शराब दुकान की आबकारी विभाग से भी जांच कराई जाएगी।

**युवक के ऑर्गन डैमेज हो चुके थे-** पोस्टमॉर्टम करने वाली डॉ. मीनल सोलंकी का कहना है, मृतक की बॉडी में ऐसे तत्व नहीं मिले हैं, जिनसे स्पष्ट रूप से कहा जा सके कि शराब पीने से मौत हुई है। उस व्यक्ति के लंग्स, लिवर, हार्ट सहित सभी ऑर्गन काफी डैमेज हो चुके थे। हमने आगे की जांच के लिए सैंपल भेजा है। इसकी रिपोर्ट आने पर ही क्लियर हो पाएगा कि मौत की वजह क्या थी?

Chandigrah

# मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी अंकित सेरसा व प्रियव्रत फौजी के घर दी दबिश, परिवार से पूछताछ

**सोनीपत/बेरी, (एजेंसी)** गैंगस्टर और उनके गुर्गों पर शिकंजा कसने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने सुबह पांच बजे सोनीपत के गांव गढ़ी सिसाना में कुख्यात प्रियव्रत फौजी व सेरसा में अंकित के घर पर दबिश दी। टीम ने दोनों के घरों को खंगालने के साथ ही प्रियव्रत फौजी की मां और अंकित सेरसा के पिता से पूछताछ की। इसके बाद टीम वापस लौट गई। गुरुवार सुबह पांच बजे ही सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर प्रियव्रत फौजी और अंकित सेरसा के घर पर एनआईए की टीम ने दबिश दी।

पंजाब में 29 मई, 2022 को हुई गायक सिद्धू



मूसेवाला की हत्या में दोनों को गिरफ्तार किया गया था। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की संगठित टेरर-क्राइम सिंडिकेट

को तोड़ने के लिए एनआईए छापे मार रही है।

गुरुवार को दिल्ली हेडक्वार्टर से एनआईए की एक टीम डीएसपी सौरव भारद्वाज की अगुवाई में सोनीपत पहुंची थी। काफी संख्या में पहुंचे टीम के सदस्यों के साथ महिला कर्मी भी थी। टीम ने प्रियव्रत फौजी के घर की तलाशी लेने के साथ ही फौजी की मां से भी पूछताछ की। इसके बाद जानकारी जुटाकर एनआईए की टीम वापस लौट गई। प्रियव्रत फौजी जेल में बंद है। पिछले साल प्रियव्रत के भाई की भी पुलिस मुठभेड़ में मौत हो चुकी है। वहीं गांव सेरसा में पहुंची टीम ने अंकित सेरसा के पिता से पूछताछ की। अंकित के पिता को कुंडली थाना में ले जाकर भी जानकारी जुटाई गई।

Uttarpradesh

## कन्नौज में पुलिस एनकाउंटर, लूट और हत्या के मामले में वांछित अपराधी ढेर, दूसरे को लगी गोली

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी के कन्नौज में गुरुसहायगंज पुलिस स्टेशन पास सुबह पुलिस मुठभेड़ के दौरान सनसनीखेज लूट और हत्या के मामले में वांछित एक अपराधी को मार गिराया गया, जबकि उसका साथी जवाबी गोलीबारी में घायल हो गया। इसकी पुष्टि यूपी पुलिस महानिदेशक (डीजी) प्रशांत कुमार ने लखनऊ में की है।उन्होंने कहा कि दोनों 5 जनवरी को गुरुसहायगंज बाजार में एक सेल्समैन की हत्या के बाद एक आभूषण की दुकान से 50 लाख रुपये के आभूषण और नकदी की लूट में शामिल थे। उन्होंने कहा कि सोने और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ 20 लाख रुपये की नकदी भी लूटी गई थी। उनसे बरामद किया गया।

डीजी ने कहा कि मृतक की पहचान इजहार के रूप में हुई है जबकि घायल आरोपी की पहचान तालिब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान जब दोनों ने भागने की कोशिश की तो पुलिस टीम ने उन्हें रुकने के लिए कहा और गोलीबारी कर दी, जिसमें दो कांस्टेबल अमन सिंह और विनय कुमार घायल हो गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपी घायल हो गए और उनमें से एक ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया जबकि दूसरे का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

उन्होंने बताया कि उनके पास से करीब 250 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी के साथ-साथ 4.30 लाख रुपये नकद बरामद किये गये। उन्होंने कहा कि घायल आरोपियों ने बताया कि उन्होंने शेष रकम एक आभूषण को बेच दी है जिसके बाद आगे की छापेमारी जारी है।दोनों हमलावरों ने कन्नौज में एक आभूषण की दुकान चलाने वाले मोहम्मद अयाज (32) की 5 जनवरी की देर शाम अपनी दुकान बंद करके घर लौटते समय गोली मारकर हत्या कर दी थी।

Chhattisgarh

## मेड ने सहेलियों के साथ मिलकर बनाया घर की मालकिन का अश्लील वीडियो, फिर की लाखों की लूट

**रायगढ़, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से ब्लैकमेलिंग का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां बाई का काम करने वाली एक लड़की ने अपनी दो सहेलियों की मदद से पहले घर की मालकिन के सिर पर वार कर उसे अधमरा किया. फिर उसके कपड़े उतारे और एमएमएस बनाया. इसके बाद उसे अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी और अलमारी की चाबी ले ली. इसके बाद तीनों लुटेरी लड़कियों ने अलमारी खोलकर घर में रखे चांदी के सिक्के, 7 लाख रुपये, सोने के गहने लेकर फरार हो गईं. वारदात के एक घंटे के अंदर ही पुलिस ने तीनों लड़कियों को पकड़ लिया और उनके पास से लूट की रकम और सोने-चांदी का सामान भी बरामद कर लिया. पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीमों को गठन किया और आसपास लेगे सीसीटीवी खंगाले. पुलिस ने इन्हें ढूंढती हुई शहर के एक होटल में जा पहुंची. जहां तीनों लड़किया लूट के मामल को आपस में बांट रहीं थी. तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. लूट की यह घटना सूर्या विहार कॉलोनी में हुई थी.

Maharashtra

## प्रेमी ने प्रेमिका को धोखे से घर बुलाया, फिर दो दोस्तों संग मिलकर किया गैंगरेप

**ठाणे, (एजेंसी) महाराष्ट्र के ठाणे में 14 साल की नाबालिग लड़की से तीन लोगों ने गैंगरेप किया था. जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, तीसरे आरोपी तलाश जारी है. मुरबाद के एसपी जगदीश शिंदे बताया कि एक आरोपी लड़का का बॉयफ्रेंड था. उसने लड़की को शादी का झांसा देकर पहले उससे शारीरिक संबंध बनाए.**

इस दौरान उसने लड़की के अश्लील वीडियो बनाए और कई फोटो भी लिए. फिर वो लड़की को ब्लैकमेल करने लगा. उसने कहा कि वो उसके दोस्तों के साथ भी फिजिकल रिलेशन बनाए. लड़की ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे बहाने से अपने घर बुलाया. कहा कि वो उसके फोटो और वीडियो डिलीट कर देगा.

लेकिन जैसे ही लड़की उससे मिलने पहुंची को आरोपी के दो दोस्त भी वहीं थे. तीनों ने लड़की के साथ गैंगरेप किया. फिर वहां से फरार हो गए. पीड़िता ने फिर घर जाकर आपबीती अपने परिवार को सुनाई. जिसके बाद परिवार बेटी को लेकर वाघीवली थाने पहुंचा. यहां तीनों आरोपियों के खिलाफ लड़की ने मामला दर्ज करवाया.

खेल

# यशस्वी या शुभमन, पहले टी20 में रोहित के साथ कौन करेगा ओपनिंग?

**मोहाली, (एजेंसी)** टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम की अंतिम टी-20 सीरीज के पहले मैच में सारी निगाहें कप्तान रोहित शर्मा पर आ टिकी हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ गुरुवार को होने वाले इस मुकाबले में रोहित के साथ विराट कोहली को भी वापसी करनी थी, लेकिन कोच राहुल द्रविड़ ने मैच की पूर्व संध्या पर स्पष्ट कर दिया कि विराट इस मैच में अपने पारिवारिक कारणों से नहीं खेलेंगे। कोहली सीरीज के अंतिम दोनों मैच में वह उपलब्ध रहेंगे।

रोहित शर्मा नवंबर 2022 के बाद अपना पहला टी-20 मैच खेलने उतरेंगे। यह दोनों देशों के बीच पहली टी-20 सीरीज है। भारत के लिए अच्छी बात यह भी है कि अफगानिस्तान टीम के खतरनाक स्पिनर राशिद खान पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। राशिद ने बीते वर्ष नवंबर में सर्जरी कराई है और वह अब तक पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं।




**यशस्वी के साथ ओपनिंग करेंगे रोहित-** दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद भारतीय टीम बुधवार को ही पीसीए स्टेडियम में एकत्र हुई। शाम तक यही माना जा रहा था कि रोहित और विराट 14 माह बाद एक साथ टी-20 में वापसी करेंगे, लेकिन द्रविड के खुलासे के बाद निगाहें रोहित पर आ टिकी हैं। रोहित और विराट ने ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम बार शिरकत की थी। कप्तान रोहित इस मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग के लिए उतर सकते हैं। स्थानीय क्रिकेटर शुभमन गिल नंबर एक के स्थान पर उतर सकते हैं। तिलक वर्मा के भी इस मुकाबले में खेलने की उम्मीद है।

**विश्व कप से पहले अंतिम सीरीज में छोड़ेंगे छाप-** विश्व कप से पहले इस अंतिम टी-20 सीरीज में भारतीय क्रिकेटर अपनी उपयोगिता साबित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसके बाद आईपीएल के जरिए कोर ग्रुप में शामिल क्रिकेटरों के प्रदर्शन के आधार पर विश्वकप के लिए टीम का चयन होगा। विश्व कप जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाना है। रोहित पर जिम्मेदारी होगी कि जिस तरह उन्होंने वनडे विश्वकप में भारतीय टीम को पावरप्ले में तेज शुरुआत दी, उसी तरह वह यहां भी प्रदर्शन करें।

**रिंकू पर बतौर फिनिशर रहेगी जिम्मेदारी-** हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव की गैरमौजूदगी में अलीगढ़ के रिंकू सिंह पर बतौर फिनिशर एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित करनी की जिम्मेदारी होगी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन किया। यहां भी वह अगर एक बार फिर चलते हैं तो टी-20 विश्व कप के लिए टीम में उनका चयन लगभग पक्का माना जाएगा। दक्षिण अफ्रीका से अचानक लौटने के बाद ईशान किशन की जगह पर विदर्भ के जितेश शर्मा और संजू सैमसन में से किसी एक को विकेट के पीछे कमान संभालने का मौका मिलेगा।

सिनेमा

## रोहित शेट्टी ने सिद्धार्थ मल्होत्रा को बताया 'सबसे हैंडसम कॉप', एक्टर को ओटीटी डेब्यू के लिए इस तरह किया राजी



रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में सिद्धार्थ मल्होत्रा की एंट्री हाल ही में धमाके के साथ अनाउंस हो गई. रोहित की वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' का ट्रेलर आया और इसे देखने के बाद कॉप यूनिवर्स के फैन्स को ये यकीन हो गया है कि सिद्धार्थ का नया कॉप उस माहौल को बरकरार रखने वाला है, जो सिंघम-सिम्बा-सूर्यवंशी ने बनाया है.

जनता तो 'इंडियन पुलिस फोर्स' का ट्रेलर देखने के बाद सिद्धार्थ ककी तारीफ़ कर ही रही है, लेकिन डायरेक्टर रोहित शेट्टी भी अपने नए पुलिस ऑफिसर से बहुत इम्प्रेस नजर आ रहे हैं. हाल ही में एक बातचीत में रोहित ने सिद्धार्थ की जमकर तारीफ़ की और बताया कि उन्होंने एक्टर को वेब डेब्यू के लिए राजी कैसे किया.

एक हालिया इंटरव्यू में रोहित ने बताया कि उन्होंने अपनी वेब सीरीज के लिए सबसे पहले सिद्धार्थ को ही कास्ट किया था. इस कास्टिंग के साथ ही रोहित ने ये भी खुलासा किया कि सिद्धार्थ के लिए उनके प्लान्स बड़े हैं. उन्होंने बताया, 'सिड (सिद्धार्थ) और मैं साथ में कुछ करने का प्लान कर रहे थे और तब मैंने उन्हें इंडियन पुलिस फोर्स की ये स्क्रिप्ट नैरेट की.

## संपादकीय

# नया राजनीतिक अस्तित्व खड़ा करने की जरूरत

विधानसभा अध्यक्ष के फैसले के बाद उद्धव ठाकरे के गुट की ओर से यह कहा गया है कि फैसला उम्मीद के उलट है, इसलिए इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी। यानी एक बार फिर यह मामला शीर्ष अदालत के कठघरे में जा सकता है। जो हो, फिलहाल जो तस्वीर सामने आई है, उससे यही लगता है कि अब उद्धव ठाकरे के समूह के सामने अपना नया राजनीतिक अस्तित्व खड़ा करने की जरूरत पड़ेगी। उद्धव ठाकरे गुट के बीच एक आखिरी उम्मीद थी कि शायद विधानसभा अध्यक्ष की राय उनके पक्ष की दलीलों पर आधारित होगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने उद्धव गुट की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शिवसेना से बगावत करने वाले सोलह विधायकों की योग्यता को रद्द करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अब जो फैसला सामने आया है, उसके मुताबिक 21 जून, 2022 को जब पार्टी दो समूह में बंटी, तब उसके बाद और चुनाव आयोग के रिकार्ड में भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही वास्तविक शिवसेना था। जाहिर है, इस फैसले के बाद उद्धव ठाकरे और उनके समूह को घोर निराशा हुई है, जो यह मान कर चल रहे थे कि कानूनी प्रक्रिया में जाने के बाद उनके गुट को ही वास्तविक शिवसेना के रूप में मान्यता मिलेगी। मगर विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी पर शिंदे गुट का हक होने के पक्ष में शिवसेना के ही उस संविधान का उल्लेख किया, जो 1999 में तैयार किया गया था। उसके अनुसार चुनाव आयोग में पार्टी का 1999 का ही संविधान सौंपा गया था, इसलिए फैसले का आधार भी वही होगा। जबकि शिवसेना के संविधान में 2018 किए गए संशोधन के मुताबिक पार्टी प्रमुख का फैसला ही पार्टी का फैसला होगा। जाहिर है, इस पुराने संविधान में की गई व्यवस्था की कसौटी पर उद्धव ठाकरे गुट का पक्ष कमजोर साबित हुआ और यही शिंदे समूह के लिए मददगार बना। इसी बुनियाद पर विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था दी कि एकनाथ शिंदे को पार्टी से निकालने का अधिकार उद्धव ठाकरे को नहीं है। स्वाभाविक ही इस फैसले से शिंदे गुट के जिन सोलह विधायकों पर अयोग्यता की तलवार लटकी हुई थी, उन्हें बड़ी राहत मिली है।

**अर्ज किया है..!**

*खुदा की इतनी बड़ी*
*काएनात में मैंने*
*बस एक शख़्स को माँगा*
*मुझे वही न मिला*

*-बशीर बद्र*




सत्य-प्रेम-करुणा...

**इश्क की यह भी एक मंजिल थी**
**हर कदम पर फरेब खाया गया**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# 'प्राण प्रतिष्ठा'

## शब्द बहुत सुन रहे होंगे आप, आइए समझिए कि इसका मतलब क्या है? कैसे आते हैं प्राण



अयोध्या। राम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को अब कुछ दिन ही शेष हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त का क्षण 84 सेकेंड का है, जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड तक होगा। नए मंदिर में मूर्ति स्थापना पर प्राण प्रतिष्ठा किया जाना आवश्यक होता है। बिना इसके मूर्ति पत्थर की आकृति मात्र ही रहती है।

किसी भी मूर्ति की स्थापना के समय प्रतिमा रूप को जीवित करने की विधि को प्राण प्रतिष्ठा कहा जाता है। इस अनुष्ठान के लिए शुभ मुहूर्त का होना जरूरी है। शुभ मुहूर्त में की गई प्राण प्रतिष्ठा ही फलकारी होती है और कहा जाता है कि देव साक्षात उस मूर्ति में निवास करते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के लिए देवी या देवता की अलौकिक शक्तियों का आह्वान किया जाता है जिससे कि वो मूर्ति में आकर प्रतिष्ठित यानी विराजमान हो जाते हैं। इसके बाद वो मूर्ति जीवंत भगवान के रूप में मंदिर में स्थापित होती है।

### ये है प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया

प्राण प्रतिष्ठा के लिए सबसे पहले देवी-देवताओं की प्रतिमा को गंगाजल या विभिन्न (कम से कम 5) नदियों के जल से स्नान कराया जाता है। इसके पश्चात, मुलायम वस्त्र से मूर्ति को पोछने के बाद देवी-देवता को नए वस्त्र धारण कराए जाते हैं। इसके बाद प्रतिमा को शुद्ध एवं स्वच्छ स्थान पर विराजित किया जाता है और चंदन का लेप लगाया जाता है। इसी समय मूर्ति का विशेष श्रृंगार किया जाता है और बीज मंत्रों का पाठ कर प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। इस समय पंचोपचार कर विधि-विधान से भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है और अंत में आरती कर लोगों को प्रसाद वितरित किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करने से ईश्वर की पूजा करने से लोगों को भय से मुक्ति मिलती है। व्यक्तिगत जीवन से बाधाओं को दूर करने का मौका मिलता है। प्राण प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा करने से रोग दोष से भी मुक्ति मिलती है।।

### इस मंत्र से होती है प्राण प्रतिष्ठा

मानो जूतिर्जुषतामज्यस्य बृहस्पतिर्यज्ञमिमं, तनोत्वरितष्टं यज्ञ गुम समिम दधातु विश्वेदेवास इह मदयन्ता मोम्प्रतिष्ठ।। अस्यै प्राणाः प्रतिष्ठन्तु अस्यै प्राणाः क्षरन्तु च अस्यै, देवत्य मर्चायै माम् हेति च कश्चन।। ऊं श्रीमन्महागणाधिपतये नमः सुप्रतिष्ठितो भव, प्रसन्नो भव, वरदा भव।

## Highlights

1. **Murder-accused CEO Suchana was caught after her cab got stuck due to truck accident**
2. **First flight takes off from Ahmedabad to Ayodhya**
3. **India's Longest Sea Bridge: No Bikes, Autos; Speed Limit**
4. **Uddhav to play victim card in people's court**
5. **YouTube official summoned by NCPCR over vulgar videos of mothers & sons**
6. **Collegium yields to Centre's recommendation for HC judge**

# Institutional investments from domestic investors in real estate double to $1.5 billion in 2023: Report

**NEW DElHI, (Agency).** Institutional investments in real estate from domestic investors more than doubled to $1.5 billion in 2023, showcasing a 120% increase in terms of value over the previous year but the share of foreign investors shrunk over the previous year on account of global headwinds, a report by Vestian has said.



Commercial assets (office, retail, co-working, and hospitality projects) turned out to be the preferred investment option for domestic investors, with 42% concentration of investments, followed by 39% in residential projects, the report by Vestian, an occupier-focused workplace solutions firm specializing in commercial, residential, industrial, retail, and hospitality sectors. The share of domestic investors increased to 35% in 2023 from 14% in 2022 amid global headwinds. On the other hand, the share of foreign investors shrunk over the previous year by 30% on account of the macroeconomic slowdown. While foreign investors continued to dominate investments with 65% share in 2023, their share reduced from 79% a year earlier, the report said. Nearly 72% of the foreign investments were concentrated in commercial assets, distantly followed by the industrial and warehousing segment with only 15% share, it said. "Despite uncertainty in demand across the real estate sector, investments remained robust throughout the year. The optimism of domestic investors kept the real estate market buoyant, as they continued to show confidence in India's growth story," said Shrinivas Rao, FRICS, CEO, Vestian. Significant rise in bank outstanding and easy availability of funds through new investment tools (AIFs, REITs, and InvITs) paved the way for heightened construction activities across the sub-sectors of real estate, the report said. As per RBI data, banks' lending to commercial real estate increased by 38% in November 23 as compared to the same period in the previous year.

# Air India under the Tatas has a long way to go to become a Maharajah again

**NEW DElHI, (Agency).** The last few days have seen some viral reels, videos or posts on social media against the quality of aircraft on offer in Air India. The recent one saw a complaint about seats and overall state of the amenities from someone who paid ₹4.5 lakh to reach Delhi from Canada, on one of the B777s operated by Air India. In December, another passenger flying to



Melbourne from Mumbai on Air India's newly launched service had complained about multiple things which included both the hard and soft product.

What is the problem with Air India?

A cursory look at social media shows that it is full of complaints, especially in the Economy class which range from broken seats, remotes not working and broken, IFE screens not operational on the hard product side along with cleanliness and service complaints. An interesting observation from the complaint shows that the ones in the front cabin have gone down drastically while those in economy class seem to be on the rise.

This comes amidst the backdrop of Air India's first A350 touching down in India in the last week of 2023 and gearing up for domestic operations starting January 22. As the Tata's approach the second anniversary of taking over Air India, when will the legacy fleet get its due and what's holding it back?

# ट्राले ने ली डॉक्टर की जान

## हास्पिटल जाते समय हुआ हादसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू में रहने वाले एक डॉक्टर की खुडैल इलाके में ट्राले की टक्कर से मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया। यहां उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक काफी देर तक वह हादसे में सडक़ पर पड़े रहे। उन्हें राहगीरो ने एंबुलेस से अस्पताल भेजा।**

खुडैल पुलिस के मुताबिक गौरव(28) पुत्र विनोद सोनी निवासी महू बुधवार दोपहर हादसे का शिकार हो गए। परिवार से जुडें लोगो ने बताया कि वह अपनी एक्टिवा गाड़ी से बायपास से इंडेक्स अस्पताल की तरफ जा रहे थे। वही सात मिल के यहां एक लापरवाही पूर्वक एक ट्राले ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद उन्हें अस्पताल भेजा गया। गौरव इंडेक्स अस्पताल में डेन्टीस की पोस्ट में थे। उनके परिवार एक छोटी बहन ओर माता पिता है। पिता महू में वकील है।

### अस्पताल पहुंचे परिजन

परिवार से जुडें लोगो ने बताया कि उन्हें एमवाय अस्पताल से शाम में जानकारी लगी। इसके बाद वह यहां पहुंचे। रिश्तेदारों ने बताया कि वह वह माता पिता के इकलौते बेटे है। गौरव का व्यवहार काफी अच्छा था। पुलिस ट्राले के ड्रायवर की तलाश कर रही है।

### एक्सरे टेक्निशयन की भी हादसे में मौत

इसी प्रकार लसूडिय़ा इलाके में एक एक्स रे टेक्निशयन की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह ड्यूटी कर अपने घर की तरफ निकला। इसके बाद उसकी बाइक को रास्ते में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसके बाद बाइक डिवाईडर में जा घुसी। टेक्निशयन को एमवाय ले जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक सन्नी(24) पुत्र प्रकाश पंवार निवासी कबीटखेड़ी की हादसे में मौत हो गई। उसकी बाइक को बुधवार को खालसा चौक के यहां एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर हालत में सन्नी को एमवाय भेजा गया। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अस्पताल से घर जाने के लिये निकला

परिवार के लोगो ने बताया कि सन्नी स्कीम नंबर 78 में कुंदन कुशवाह के कनक नर्सिंग होम पर एक्सरें टेक्निशयन का काम देखता है। कई सालों से यहां पर काम करता था। दोपहर में परिवार के लोगो से बात भी हुई। इसके बाद स्टॉफ की बाइक लेकर निकला ओर हादसे का शिकार हो गया।

### पिता की हो गई मौत,मां ओर भाई

सन्नी के पिता की काफी समय पहले बीमारी के चलते मौत हो गई। परिवार में उसका छोटा भाई है। जो फोटो ग्राफी का काम करता है। वही मां है। सन्नी पढ़ाई में काफी होशियार था। उसने कुछ दिन पहले ही एक्सरे टेक्निशयन की पढ़ाई पुरी की थी।

### 4.8 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच एवं विजयनगर पुलिस ने गांजे की तस्करी करने वाले बदमाश को 4 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी विभिन्न इलाकों में नशेडिय़ों को गांजा सप्लाय करता था। पुलिस के अनुसार क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलग्नों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर से सूचना मिली कि, विजयनगर क्षेत्र स्थित मेदांता हॉस्पिटल के सामने भूसा मंडी पर एक युवक गांजे की तस्करी करने दोपहिया वाहन से आने वाला है। टीम ने संयुक्त कार्यवाही में करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा, जिसने पूछताछ में अपना नाम ऋषि उर्फ राज चौधरी नि.ग्राम अमलापुर जिला बैतूल हामु चित्रानगर,विजयनगर का बताया। तलाशी में उसके कब्जे से कुल 4 किलो 800 ग्राम गांजा एवं एक दोपहिया वाहन जब्त की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी नशा करने का आदि है, उसके खिलाफ विजयनगर थाने पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर पूछताछ की जा रही है।

# नाबालिग से रेप मामले में युवक को उम्रकैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नाबालिग से दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी को कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। आरोपी पर कोर्ट ने अर्थदंड भी लगाया है।**

जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि 9 जनवरी 2024 को 13वीं अपर सत्र न्यायाधीश, (पॉक्सो एक्ट) सुरेखा मिश्रा ने थाना राजेंद्र नगर के केस में निर्णय पारित करते हुए आरोपी असलम उर्फ गोलू उम्र 23 वर्ष को एससी एसटी एक्ट में आजीवन कारावास और धारा 376 (3), पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 366 में 7 साल का कारावास, मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम में 5 वर्ष का कारावास और 55 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। दरअसल, बालिका के पिता ने रिपोर्ट लिखवाई थी कि 14 जुलाई 2021 को दोपहर 2 बजे बालिका अपनी मां को दुकान से सामान लेने जाने का बोल कर गई थी। लेकिन वो वापस घर नहीं आई। उन्होंने बालिका को उसकी सहेलियों, आसपास व रिश्तेदारों में तलाश किया मगर उसका कोई पता नहीं चला। बालिका का मोबाइल भी स्विच ऑफ था। परिजनों ने राजेंद्र नगर थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज करवाई। जांच के दौरान बालिका को दस्तयाब कर उसके बयान लिए गए, जिसमें बालिका ने बताया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठाकर ले गया और होटल में ले जाकर उसके मना करने के बावजूद भी उसके साथ दुष्कर्म किया और कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है। उसे मुस्लिम बनाना चाहता है। बालिका का मेडिकल परीक्षण करवाया गया। बालिका व अन्य गवाहों के बयान लिए गए। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। बाद में पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया जिस पर से आरोपी को सजा सुनाई गई है। पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुशीला राठौर और विशेष लोक अभियोजक अमिता जायसवाल ने की। न्यायालय ने पीडित बालिका को 50 हजार रुपए राशि प्रतिकर स्वरूप दिलाए जाने की अनुशंसा की है।

# गैस गोडाऊन संचालक को लूटने वाले बदमाश पकड़ाए

**इंदौर। चंदननगर पुलिस ने गैस गोडाऊन संचालक की आंखों में मिर्च डालकर 2 लाख नकदी एवं मोबाइल लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया। बदमाशों ने लूट के रुपयों से नए मोबाइल भी खरीद लिए थे। उनसे नकदी सहित अन्य मश्रुका जब्त हुआ है।**

टीआई इंद्रमणि पटेल के अनुसार गत 8 जनवरी को फरियादी गोविंद पिता गोपाल गुरनानी (53) नि. क्रान्ति कृपलानी नगर ने रिपोर्ट की थी कि वह अपने गैस गोदाम से बैग में रुपए लेकर लेकर कर्बला मैदान के पास शॉप पर जा रहा था। तभी सेल टैक्स कॉलोनी में दो अज्ञात बदमाशों ने आंखों में मिर्ची डालकर उसके सिर पर किसी वस्तु से वार किया और हाथ से बैग छीनकर भाग गए। बैग में करीब 2 लाख नगदी तथा एक मोबाइल फोन था। शिकायत पर पुलिस ने धारा 394 भादवि का अपराध पंजीबध्द कर जांच शुरू की। एसीपी अन्नपूर्णा नंदिनी शर्मा द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम को लगाया गया। टीम ने घटनास्थल एवं आने जाने वाले मार्ग पर दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों चेक किया। इसी दौरान मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि लूट के आरोपी सागर पैलेस कब्रिस्तान सिरपुर गेट के पास बैठे हुए हैं। इस टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा जिन्होंने अपने नाम सोहेल निवासी अम्मार नगर और फैजान खान निवासी लक्ष्मीनगर काकड चंदन नगर बताया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार की, उनसे लूट के 1 लाख 19 रुपये नगदी तथा घटना में प्रयुक्त बाइक व हथियार बरामद किया। गया। आरोपियों ने लूट की राशि से दो मोबाइल भी खरीद लिए थे, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपियों ने से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में टीआई इन्द्रमणि पटेल, एसआई सौरभ कुशवाह, प्रआर अभिषेक पवार, आर. जोगेश लश्करी, कैलाश भंवर, सुनील सोनी, मुकेश मारू

### बसों का चेकिंग अभियान चलाया

**इंदौर।** कलेक्टर आशीषसिंह के आदेश के बाद आरटीओ और ट्रेफिक पुलिस द्वारा लगातार यात्री बसों का चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को दो बसें जब्त की गई। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का पालन नहीं करने वाली बसों पर कार्रवाई के लिए अभियान शुरू किया गया है। अभियान के पहले दिन आरटीओ अमले ने 127 बसों तथा दूसरे दिन बुधवार को 109 बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा, रजिस्ट्रेशन, प्रदूषण प्रमाण पत्र, लायसेंस, चालक-परिचालक की ड्रेस, ओवरलोडिंग की जांच की। बसों का चेकिंग अभियान बायपास टोलनाके पर शुरू किया गया था।


DETECTIVE GROUP
Detecting the truth
विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ
लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक